**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**

**(राज्यपाल सूचना परिसर)**

-------

**राज्यपाल ने जनपद आजमगढ़ में आंगनबाड़ी किट, पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा मुद्रा योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किया**

-------

**नशा न करने हेतु लोगों को जागरूक किया जाए**

-------

**माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, यह तभी सम्भव है, जब हम सभी अपने बच्चों को शिक्षा देंगे**

-------

**भारत तभी विकसित होगा, जब हमारा समाज स्वस्थ एवं टी0बी0 मुक्त होगा**

-------

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जरूरतमंद व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने की एक बहुत ही अच्छी योजना**

**-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

-------

**लखनऊ : 11 मार्च, 2025**

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद आजमगढ़ में आंगनबाड़ी किट, पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा मुद्रा योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों को और बेहतर

करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्थ किट (रुमाल, शीशा, कंघी, नेल कटर आदि) के उपयोग के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां प्रेरित करें। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों को नेल कटर का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें एवं उनको बतायें कि हफ्ते में एक बार अवश्य नाखून काटना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को साफ-सुथरा रखने के लिए केन्द्रों पर बच्चों की हाइट के अनुरूप शीशा अवश्य रखें, जिससे आने वाले बच्चे अपने आपको उसमें देखें कि वे कितने सुन्दर दिखते हैं, और उनको साफ-सुथरा रहने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर निजी अस्पतालों से हेल्थ किट उपलब्ध कराने हेतु सहयोग लें। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताएं, ताकि वे बच्चों को भी अच्छी शिक्षा के महत्व को बता सकें। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को बेहतर बनाने के लिए उपरोक्त सुविधाओं से आच्छादित करना होगा।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त जनपद होना चाहिए, नशे से किसी का भला नही होता है, जब कोई व्यक्ति नशा करता है तो वह अपने साथ-साथ अपने पूरे परिवार को भी बर्बादी की तरफ ले जाता है, आये दिन मार-पीट, लड़ाई-झगड़े आदि होते रहते हैं, और परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब होती जाती है। इसके लिए आवश्यक है कि नशा न करने के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए एवं अवैध नशे को बंद करने के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले व्यक्तियों को नशा से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक करें। नशा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनको नशा न करने के लिए शपथ दिलायें। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि नशा मुक्ति के खिलाफ सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें, नशा मुक्ति अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि जहाँ शराब बनता हैं, उनको बंद कराएं।

उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा बंद होना चाहिए। दहेज प्रथा से घर में लड़की को मारा पीटा जाता है, उसका शोषण किया जाता है। हम सभी को दहेज प्रथा के विरूद्ध खड़ा होकर दहेज प्रथा को बन्द करना होगा, तभी एक विकसित समाज, विकसित राष्ट्र एवं विकसित प्रदेश का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा आत्मनिर्भर बनाने एवं विकसित भारत बनाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहें है, यह तभी सम्भव है, जब हम सभी अपने बच्चों को शिक्षा देंगे, उनको पढ़ने देंगे। उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित होगा, जब हमारा समाज टी0बी0 मुक्त होगा।

राज्यपाल जी ने कहा कि बाल विवाह एक ऐसी प्रथा है, जिससे एक लड़की का भविष्य खराब होता है, इसको बन्द करने की जरूरत है, यदि कहीं भी कोई व्यक्ति बाल विवाह कराता है, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें एवं पुलिस का दायित्व है कि किसी भी हालत में जनपद के अन्दर बाल विवाह न होने दे।

उन्होंने ने मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि एक बड़े सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों को आमंत्रित करें एवं स्टेज पर दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, हमें जीने दो, हमें पढ़ने दो, आदि के संबंध में खुलकर बोलने का अवसर दें।

राज्यपाल जी ने यह भी कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वामित्व योजना का शुभारम्भ किया गया है, इससे किसी को भी अपने जमीन का मालिकाना हक प्राप्त होगा। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत घरौनी का निर्माण हो जाने से जिस व्यक्ति की जितनी जमीन होगी, उसका उस व्यक्ति को सरकारी कागज मिल जायेगा, और कोई व्यक्ति उसे जबरदस्ती नहीं ले सकता है। किसी दूसरे की जमीन कोई अन्य व्यक्ति नहीं बेच सकता। स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी का वितरण हो जाने से भूमि से संबंधित विवाद समाप्त हो जाएंगे।

राज्यपाल जी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को बिन ऋण अधिकतम रू0 05 लाख का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत जिन व्यक्तियों को ऋण दिया गया है, उनका फीडबैक अवश्य लें। उन्होंने कहा कि 01 वर्ष बाद पता करें कि ऋण लेने के बाद उस उद्यमी की आमदनी में कितनी प्रगति हुई। ऋण जिस कार्य के लिया जाए, उसी कार्य में उपयोग होना चाहिए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जरूरतमंद व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने की एक बहुत ही अच्छी योजना है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना चलाया है, जिसके अंतर्गत एक वर्ष में रु0 5 लाख तक का निशुल्क इलाज कराया जाता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड एक वरदान साबित हुआ है, यदि बच्चे बड़े होकर कहीं दूर चले जाते हैं, तो वे आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अपना इलाज निशुल्क कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि हमारी आय अच्छी है, तो जरूरतमंदों को आवश्यकता अनुसार आर्थिक मदद अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में जितनी बुराईयां हैं, उनको समाप्त करना चाहिए एवं अच्छाईयों को बढ़ाना चाहिए, इसके लिए समस्त जनपदवासियों के सहयोग की आवश्यकता होती है। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की समीक्षा करते रहें।

इसके साथ ही राज्यपाल जी ने समस्त जनपद वासियों को होली पर्व की हार्दिक शुकामनाएं देते हुए कहा कि होली को पूरे हर्षोल्लास एवं भाई चारे के साथ मनायें। किसी को परेशान न करें एवं किसी के साथ झगड़ा न करें, त्यौहार आनन्द के लिए होता है, किसी को परेशान करने के लिए नही होता है।

कार्यक्रम के आरम्भ में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों द्वारा लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा एवं मछली जल की रानी है, जीवन उसका पानी है, गीत पर नृत्य की प्रस्तुति की गयी। मण्डलायुक्त श्री विवेक एवं डीआईजी श्री सुनील कुमार सिंह ने राज्यपाल जी को स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया।

अन्त में स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने राज्यपाल जी को आश्वस्त किया कि आप द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी के उद्बोधन से हम सभी के अन्दर एक नई ऊर्जा उत्पन्न हुई है एवं सभी लोग प्रेरित हुए हैं। उन्होने कहा कि आज जनपद के 200 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्री स्कूल किट का

वितरण किया गया है। उन्होंने राज्यपाल जी का जनपद में आगमन पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त श्री विवेक, डी0आई0जी0 श्री सुनील कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

----------

संपर्क सूत्र:
डॉ0 संगीता चौधरी
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080




















श्रीमती आनंदीबेन पटेल

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
आंगनबाड़ी संसाधन किट